# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर

कार्यालय : चक–सकीतरा, कुम्हेर, भरतपुर, 321201

Email- academic@msbrijuniversity.ac.in, www.msbrijuniversity.ac.in


क्रमांकः–प.3(20)मसूब.वि / Acad-I / 2023 / 2077 दिनांक : 09 .02.2023

## दिनांक 09.02.2023 को आयोजित अकादमिक परिषद् की छठवीं बैठक का कार्यवाही विवरण

माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 09.02.2023 प्रातः 11.30 बजे विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद् की छठवीं बैठक_विश्वविद्यालय परिसर के सभाकक्ष में आयोजित हुई, बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुएः–

1. प्रो. राजेश कुमार सिंह धाकरे, कुलपति, म.सू.वृज विश्वविद्यालय भरतपुर – अध्यक्ष अकादमिक परिषद्।
2. प्रो. अनुपम दीक्षित, एक्स हैड, वनस्पति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज – मनोनीत सदस्य, मा. कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय।
3. डॉ. प्रेम सिंह खूंटेला, सेवानिवृत्त सह आचार्य भरतपुर – मनोनीत सदस्य राज्य सरकार।
4. श्री अशोक अग्रवाल, सह आचर्य, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर – मनोनीत सदस्य राज्य सरकार।
5. श्री छीतरमल कोली, सह आचार्य, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर – अधिष्ठाता कला संकाय एवं संयोजक, विषय संस्कृत।
6. श्रीमती मधु शर्मा, सह आचार्य, आर.डी. गर्ल्स कॉलेज भरतपुर – अधिष्ठाता सामाजिक विज्ञान व् शिक्षा संकाय एवं संयोजक, विषय गृहविज्ञान।
7. डॉ रमेश चन्द वर्मा, सह आचार्य, आर.डी. गर्ल्स कॉलेज भरतपुर – अधिष्ठाता ललित कला संकाय एवं संयोजक, विषय चित्रकला ।
8. डॉ शकुन्तला मीणा, सहा. आचार्य, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर – अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय एवं संयोजक, विषय ई.ए.एफ.एम.।
9. डॉ करूणा गौर, सह आचार्य, आर.डी. गर्ल्स कॉलेज भरतपुर – संयोजक, विषय वनस्पतिशास्त्र।
10. डॉ अशोक कुमार गोयल, सह आचार्य, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर – संयोजक, विषय गणित ।
11. श्री सतीश कुमार, सहा. आचार्य, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर – संयोजक, विषय ए.वी.एस.टी.।
12. श्री ओमप्रकाश सोलंकी, सह आचार्य / प्राचार्य, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर – संयोजक, विषय भूगोल।
13. डॉ सुरेन्द्रसिंह अहलावत, सह आचार्य, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर – संयोजक, विषय समाजशास्त्र।
14. श्री अरविन्द सिंह, सह आचार्य, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर – संयोजक, विषय अंग्रेजी।
15. डॉ सुरेन्द्र कुमार जैन, सह आचार्य / प्राचार्य, राजकीय पी.जी. महाविद्यालय धौलपुर – संयोजक, विषय भौतिक शास्त्र।
16. डॉ रवीन्द्र शर्मा, सह आचार्य, राजकीय महाविद्यालय बयाना – संयोजक, विषय व्याव. प्रशासन।
17. डॉ मनोज कुमार सिंह, सह आचार्य / प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय धौलपुर – संयोजक, विषय रसायन शास्त्र।
18. डॉ राजवीर सिंह शेखावत, सह आचार्य, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर – संयोजक, विषय दर्शनशास्त्र।
19. ड़ॉ अनुज कुमार, सह आचार्य, राजकीय पी.जी. महाविद्यालय धौलपुर – संयोजक, विषय अर्थशास्त्र।
20. डॉ रचना मेहता, सह आचार्य, राजकीय पी.जी. महाविद्यालय धौलपुर – संयोजक, विषय इतिहास।
21. ड़ॉ हरवीर सिंह, सह आचार्य, एम.एस.जे. कॉलेज भरतपुर – संयोजक, विषय राजनीति विज्ञान।
22. डॉ मीनू अरविन्द अग्रवाल, सह आचार्य, आर.डी. गर्ल्स कॉलेज भरतपुर – संयोजक, विषय मनोविज्ञान।
23. डॉ देवेन्द्र सिंह परमार, निदेशक शारीरिक शिक्षा, राजकीय कन्या महाविद्यालय धौलपुर – संयोजक, विषय शारीरिक शिक्षा।
24. श्री हरवीर सिंह, सहा. आचार्य, राजकीय महाविद्यालय कामा – संयोजक, विषय लोक प्रशासन ।
25. डॉ सतीश त्रिगुणायत, प्राचार्य राजकीय कॉलेज बसेरी – मनोनीत सदस्य मा. कुलपति महोदय।
26. डॉ अन्जू पाठक, सह आचार्य, आर.डी.गर्ल्स कॉलेज भरतपुर, नोडल अधिकारी, NEP 2020 – विशेष आमन्त्रित सदस्य
27. श्री सुभाष चन्द शर्मा, राज. प्रशा. सेवा – सदस्य सचिव।

क्रमशः पेज ... 2/–

बैठक के प्रारम्भ में माननीय कुलपति महोदय ने अकादमिक परिषद् के उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया तथा नए सदस्यों का परिचय कराया।

दिनांक 17.02.2021 को आयोजित अकादमिक परिषद् की पाँचवी बैठक की कार्यवाही विवरण के सभी बिन्दुओं की प्रगति रिपोर्ट पर सभी सदस्यों द्वारा सन्तोष व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

माननीय कुलपति महोदय ने अकादमिक परिषद् के सभी सदस्यगणों को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक 05.04.2023 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस बावत संचालन समिति का गठन कर लिया गया है व जल्द ही बैठक कर राजभवन के निर्देशानुसार कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में एजेण्डा वार बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिए गए। :–

| क्र. सं. | एजेण्डा बिन्दु |
|---|---|
| 1. | परीक्षा सत्र 2022–23 के लिए अध्ययन मण्डल द्वारा अनुशंसित 100 प्रतिशत (शत–प्रतिशत) पाठ्यक्रम जो कि विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालों में संचालित हैं का अनुमोदन। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा कोरोना काल की समाप्ति के उपरान्त अलग अलग विषयों के लिए अध्ययन मण्डलों द्वारा तैयार किये गए शत–प्रतिशत पाठ्यक्रम का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। साथ ही कुलपति महोदय/अध्यक्ष द्वारा सदन को सूचित किया गया कि राजयपाल सचिवालय द्वारा इस विश्वविद्यालय को शिक्षा–शास्त्र व शारीरिक शिक्षा संकायों के पाठ्यक्रम तैयार करने का दायित्व दिया गया है जिसे पूरे राज्य में लागू किया जायेगा। इस सन्दर्भ में निर्देशानुसार समिति गठित कर दो बैठकें आयोजित कर ली गयी हैं। राजभवन सचिवालय से अभी और निर्देशों की प्रतीक्षा है। |
| 2. | दिनांक 19.04.2022, 04.05.2022, 13.05.2022 एवं 15.12.2022 को आयोजित परीक्षा योजना और निगरानी समिति (EPMC) की बैठकों की कार्यवाही विवरणों का अनुमोदन। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |
| 3. | स्नातक स्तर के एलीमेंट्री कंप्यूटर, अनिवार्य पेपर को सत्र 2022–23 से सदैव के लिए पाठ्यक्रम से समाप्त करना। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि एलीमेंट्री कंप्यूटर के अनिवार्य पाठ्यक्रम को सत्र 2022–23 से समाप्त न किया जाय वरन इस विषय की प्रायोगिक परीक्षा को समाप्त किया जाय। साथ ही वर्णनात्मक प्रश्नपत्र के स्थान पर ओ.एम्.आर. शीट (OMR Sheet) पर वस्तुनिष्ठ प्रणाली पर परीक्षा करवायी जाय जिसमें 100 बहुविकल्पीय के प्रश्न हों व हर प्रश्न एक अंक का, पूर्णांक 100 अंक हो व् प्रश्न पत्र की समयावधि तीन घण्टे की हो। |
| 4. | Adoption of University Grant Commission (Minimum Standard and Procedure for Award of Ph.D. Degree) Regulations, 2022. |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा University Grant Commission (Minimum Standard and Procedure for Award of Ph.D. Degree) Regulations, 2022. को अंगीकृत करने का निर्णय लिया गया। |
| 5. | Adoption of Guidelines for Engaging Professor of Practice in University & Colleges |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा अंगीकृत करने का निर्णय लिया गया। |
| 6. | राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 (यू.जी.सी. दिशानिर्देश) को अंगीकृत करना। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा अंगीकृत किये जाने के सन्दर्भ में सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की। साथ ही इसके लागू किये जाने के सन्दर्भ में माननीय राज्यपाल सचिवालय व राज्य सरकार के और निर्देशों की प्रतीक्षा किये जाने का निर्णय किया गया। |

क्रमशः पेज ... 3/–

बैठक में निम्नलिखित टेबिल एजेण्डा बिन्दुओं पर भी चर्चा कर निम्न निर्णय लिए गएः—

| क्र. सं. | टेबिल एजेण्डा बिन्दु |
|---|---|
| 1. | अकादमिक परिषद् के सदस्य डॉ देवेन्द्र सिंह परमार, निदेशक शारीरिक शिक्षा, ने सुझाव दिया कि परीक्षा फॉर्म में प्रवेशांक की व्यवस्था की जाय। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा यह निर्णय लिया नियमित छात्रों की सूची महाविद्यालयों द्वारा उनकी वेवसाइट पर अपलोड करना उचित होगा व नियमित छात्रों के परीक्षा फॉर्म पर प्रवेश नंबर अंकित किया जाय। |
| 2. | अकादमिक परिषद् के सदस्य श्री ओमप्रकाश सोलंकी, प्राचार्य ने सुझाव दिया कि ऐसे स्वयंपाठी विद्यार्थी , जिन्होंने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रायोगिक विषयों के साथ नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लिया हो परन्तु किसी कारणवश द्वितीय वर्ष अथवा तृतीय वर्ष में स्वयंपाठी के रूप में परीक्षा आवेदन करना चाहता हो, को ऐसा किये जाने से वंचित किया जाना चाहिए। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा यह निर्णय लिया इसे विश्वविद्यालय की परीक्षा योजना और निगरानी समिति (EPMC) एवं अकादमिक परिषद् के माध्यम से कुलपति महोदय की अनुमति प्राप्त कर ऐसे प्रकरणों का निराकरण किया जाय। |
| 3. | अकादमिक परिषद् की सदस्य श्रीमती मधु शर्मा, सह आचार्य ने विश्वविद्यालय द्वारा अंकतालिकाओं के साथ टी आर नहीं भेजे जाने से होने वाली परेशानी के बारे में बताया। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा यह निर्णय लिया कि भविष्य में अंकतालिकाओं के साथ टी आर अवश्य भेजें जाएँ। |
| 4. | अकादमिक परिषद् के सदस्य डॉ सतीश त्रिगुणायत, प्राचार्य ने स्नातक के द्वितीय व तृतीय वर्ष से डोमीसाइल अनिवार्यता समाप्त करने का सुझाव दिया। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा यह निर्णय लिया कि स्नातक प्रथम वर्ष में डोमीसाइल पूर्व की तरह अनिवार्य रहेगा एवं द्वितीय व तृतीय वर्षो के लिए डोमीसाइल की अनिवार्यता को समाप्त किया जाना उचित होगा। |
| 5. | अकादमिक परिषद् की सदस्य श्री अशोक अग्रवाल, सह आचार्य ने सुझाव दिया की प्रथम वर्ष में practical due paper को द्वितीय वर्ष में व द्वितीय वर्ष के practical due paper को तृतीय वर्ष में व तृतीय वर्ष के practical due paper को सप्लीमेंट्री परीक्षा द्वारा करवाया जाय। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा के द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |
| 6. | अकादमिक परिषद् के सदस्य श्री अरविन्द सिंह, सह आचार्य ने सुझाव दिया कि प्रश्नपत्र निर्माण, उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा मूल्यांकन, कक्ष निरीक्षण आदि के पारिश्रमिक में वृद्धि की जानी चाहिए। |
| निर्णय | अकादमिक परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि राजस्थान के सभी राजकीय विश्वविद्यालय से उपर्युक्त के सन्दर्भ में पारिश्रमिक की निर्धारित दरों को जानकारी एकत्र की जाये। राज्य विश्वविद्यालयों में सर्वाधिक पारिश्रमिक व्यवस्था को इस विश्वविद्यालय में शीघ्र ही लागू किया जायेगा। इस हेतु परीक्षा नियन्त्रक को निर्देशित किया गया। |

अन्त में सदस्य सचिव श्री सुभाष चन्द शर्मा द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

| | | |
|---|---|---|
| (डॉ अरुण कुमार पाण्डेय) | (सुभाष चन्द शर्मा) | (प्रो. राजेश कुमार सिंह धाकरे) |
| प्रभारी अकादमिक | कुलसचिव | कुलपति |